वो दौड़ा आएगा | by Jatin Chhabra

श्याम हमारा पालनहारा झट दौड़ा आएगा
भीड़ पड़े जो हम भक्तों पर मोरछड़ी लाएगा
श्याम हमारा पालनहारा ....

श्याम नाम की महिमा भारी जाने दुनिया सारी है
खाटू में सज धज के बैठा बाबा लखदातारी है
एक बार जो इन्हे निहारे उसका ही हो जायेगा
श्याम हमारा पालनहारा ....

देख भरोसा करके प्यारे श्याम के दरबार पर
जो चाहेगा मिल जाएगा एक बार तू प्यार कर
एक कदम तू आगे बढ़ा ले बाकी वो आ जायेगा
श्याम हमारा पालनहारा ....

खाटू वाला श्याम हमारा सच्चा न्याय चुकाता है
जिसका सच्चा भाव यहाँ पर उसको ये अपनाता है
भानु भी जो दर का हुआ तो जीवन संवर जाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-jatin-chhabra/